(ख) यदि हां, तो वह शिकायत किस प्रकार की है ;

(ग) क्या जब वे मध्य प्रदेश में कृषि निदेशक थे, तब उनके विरूद्ध भ्रष्टाचार के आरोप लगाये गये थे और क्या उन आरोपों की जांच की जा रही है ; और

(घ) इस बारे में क्या कार्यवाही की जा रही है ?

**कृषि और सिंचाई मंत्री (श्री प्रकाश सिंह बादल)** : (क) और (ख) जी हां, श्रीमान । प्रधान मंत्री सचिवालय ने एक पत्र अग्रेषित किया है जो दिल्ली के एक एडवोकेट के० सी० शर्मा से प्राप्त हुआ था और जिस के साथ श्री शर्मा ने राजस्थान तथा हरियाणा से आने वाले छात्रों के एक दल न अभिवेदन की एक प्रतिलिपि संलग्न की थी जिसमें उदयपुर विश्वविद्यालय के उपकुलपति डा० पी० एस० लाम्बा के विरुद्ध कुछ आरोप लगाये गये थे । आरोपों की प्रकार संक्षेप में, निम्न प्रकार है :—

(i) प्रारंभ में डा० लाम्बा, हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कृषि महाविद्यालय के संकाय अध्यक्ष और अनुसंधान निदेशक नियुक्त किये गये और बाद में उदयपुर विश्व-विद्यालय के उपकुलपति के रूप में नियुक्त किये गये, क्योंकि वे तत्कालीन मुख्यमंत्री चौ० बंसीलाल के कृपापात्र थे, क्योंकि डा० लाम्बा ने उनको हत्या के प्रयत्न के एक मामले को दबाने में सहायता की थी ।

(ii) आपातकाल के दौरान उन्होंने छात्रों तथा विश्वविद्यालय में संकायों के सदस्यों पर कठोर अत्याचार ढाये ।

(ग) श्री शर्मा द्वारा भेजे गये उपरोक्त ज्ञापन के साथ-साथ, डा० लाम्बा के विरुद्ध लगाये गये आरोपों का विवरण उस समय से संबंधित जबकि वे मध्य प्रदेश में कृषि के अतिरिक्त निदेशक थे, भी अग्रेषित किया गया है । इस विवरण में आरोप लगाया गया है कि स्टोर पर्चेज कमेटी के सदस्य के रूप में, उन्होंने कई मदों की खरीद, बिना निविदाओं को आमंत्रित किए तथा बिना अन्य औपचारिकताएं पूरी किए, की थी ।

ये मामले, राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में आते हैं । कृषि तथा सिंचाई मंत्रालय इनकी जांच नहीं करा रहा है ।

(घ) क्योंकि उदयपुर विश्वविद्यालय एक स्वायत्त शासी संस्था है जिस पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् या कृषि तथा सिंचाई मंत्रालय का प्रशासनिक नियंत्रण नहीं है, अतः भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् अथवा मंत्रालय द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है ।

तथापि, इस शिकायत को उदयपुर विश्वविद्यालय के कुलपति को, आवश्यक कार्यवाही करने हेतु, भेज दिया गया है ।

**Confidential Reports of Vice-Chancellors of Universities**

9. SHRI DAJIBA DESAI: Will the Minister of EDUCATION, SOCIAL WELFARE AND CULTURE be pleased to refer to the press report appearing in Indian Express (Bombay edition) of 11th April, 1977 and state:

(a) whether the Government of India have called for confidential reports of the Vice-Chancellors of universities; and

(b) if so, what action Government contemplate?

THE MINISTER OF EDUCATION, SOCIAL WELFARE AND CULTURE (DR. PRATAP CHANDRA CHUNDER): (a) The newspaper report is not correct and the Government of India has not called for any such confidential report.

(b) Does not arise.